मरुस्थल सरीखी इस वसुन्धरा पर मनुष्य एक ग्रन्जान बटोही के समान ग्रपनी इच्छाग्रों की मृगतृष्णा को प्राप्त करने हेतु जीवन पर्यन्त प्रयत्नशील रहता है। नये नये उपाय ग्रौर साधनों की खोज ग्रपनी बुद्धि ग्रौर सामर्थ्य द्वारा उनको यथार्थ करने के प्रयास उसके जीवन को एक ग्रविरल संघर्ष में परिणित कर देते हैं। इच्छा को ग्रावश्यकता का रूप दे वह उनकी पूर्ति में निरन्तर रत रहता है। ग्रावश्यकताग्रों में ही उसका जन्म होता है, ग्रावश्यकताग्रों के बीच ही उसका जीवन व्यतीत होता है ग्रौर ग्रन्त में ग्रावश्यकताग्रों के बीच से वह ग्रपने वर्तमान पार्थिव शरीर को त्याग कर नये चोले को पहन लेता है ग्रौर फिर वही क्रम। ग्रनादि से मनुष्य इसी क्रम में फंसा चला ग्रा रहा है ग्रौर इससे छुटकारा प्राप्त करने के उसके सारे प्रयत्न ग्रधिकांशतः निष्फल ही रहते हैं। यह ग्रसफलता उसके जीवन में नैराश्य ग्रौर दुःख भर देती है। वह इनसे छुटकारा प्राप्त करने हेतु ग्रधिक से ग्रधिक भौतिक सुख ग्रौर सुविधा की सामग्री जुटाने का प्रयास करता है। परिणाम यह हुग्रा कि समस्या का हल खोजने के स्थान पर हम उससे दूर हटते जाते हैं। वास्तविकता हमारी ग्राँखों से ग्रोझिल हो गई ग्रौर हम भ्रम मरीचिका के पीछे दौड़ने लगे। इस भाग दौड़ ने हमारे जीवन के साथ साथ हमारी भावनाग्रों ग्रौर हमारी वृत्तियों को पूर्ण रूपेण ग्रव्यवस्थित तथा ग्रसंतुलित कर दिया जिसका विकराल रूप ग्राज हमारे सामने विद्यमान है। हम भौतिक वाद में इतना लिप्त हो गये कि स्वयं ही भौतिकता के प्रतीक बन बैठे। संसार ग्रौर साँसारिक ग्राकर्षण ही हमारे निकट सर्वस्व बन गये। हम इस क्षण-भंगुर जीवन को ही ग्रपने जीवन का ध्येय समझने लगे ग्रौर उससे परे विद्यमान वास्तविकता तक हमारी कल्पना के परे हो गई।

मनुष्य की समस्त ग्रावश्यकताग्रों को हम साधारणतः चार मुख्य भागों में विभक्त कर सकते हैं:— (१) भौतिक ग्रावश्यकतायें (२) सामाजिक ग्रावश्यकतायें (३) मनोवैज्ञानिक ग्रावश्यकतायें ग्रौर (४) ग्राध्यात्मिक ग्रावश्यकतायें। प्रथम ग्रावश्यकतायें वह हैं। जिन की पूर्ति के बिना प्रायः हमारा जीवन दुर्लभ हो जाता है। भोजन वस्त्रादि ऐसी ग्रावश्यकतायें हैं। जिनकी पूर्ति के बिना हमारा सामान्य जीवन ही छिन्न भिन्न हो जायेगा। परन्तु इनमें भी हम ग्रपनी मनोवृत्तियों,

स्वभाव तथा सामर्थ्य के अनुकूल भेद उत्पन्न कर लेते हैं। पाषाण युग में यह आवश्यकतायें निम्नतम थीं। जीवन धारा सरलतम गति से प्रवाहित रहती थी। मानव जीवन में कृत्रिमता तथा आडम्बर की छाया तक न थी। धीरे २ हम भौतिक प्रगति कर अपने जीवन को अधिक से अधिक सुखप्रद बनाने लगे। परन्तु इसके साथ ही साथ हम असान्ति और अव्यवस्था की ओर भी बढ़ते गये। आज यह स्थिति है कि अनेकानेक सुख और सुविधा की सामाग्री होते हुये भी हमारी शान्ति हमसे कोसों दूर भाग गई। अशान्ति और अव्यवस्था की घनघोर घटाओं ने हमारी आशाओं की स्वर्णिम किरणों को सदा सर्दैव के लिये अनिश्चितता और चिन्ता के अन्धकारमय गर्भ में छिपा लिया। दिन पर्यन्त हमारा सारा समय, शक्ति और सामर्थ्य इन्हीं झंझटों में निरर्थक व्यतीत हो जाता है फिर भी हम अपने मनोवांछित अभिलाषाओं की पूर्ति नहीं कर पाते। इन आवश्यकताओं की पूर्ति के लिये ही मानव समाज का व्यवस्थित निर्माण हुआ। मनुष्य समाज में जन्म लेता है, समाज के द्वारा ही उसका पालन-पोषण तथा जीवन-यापन होता है और समाज के द्वारा ही उसके जीवन की अन्तिम यात्रा सम्पन्न की जाती है। इसी लिये 'प्लेटो' ने मनुष्य को सामाजिक प्राणी कहा है। वह समाज, जो कि सामाजिक बन्धनों का जाल है, से आजीवन सम्बन्द्ध रहता है। समाज में उसका निर्धारित पद और कार्य होता है जिनके द्वारा वह परिवार और समाज के प्रति अपने उत्तर दायित्वों को पूरा करने का प्रयास करता है। उसकी यह सफलता ही उसके जीवन को गौरवान्वित तथा प्रतिष्ठित करने में सहायक होती है। इन कर्त्तव्यों के साथ ही साथ उसे अपने अधिकारों की रक्षा तथा प्राप्ति करने का शुभ अवसर मिलता है। समाज को व्यवस्थित रखने के लिये कर्त्तव्य और अधिकार के बीच संतुलित समन्वय की स्थापना इस समाजिक ढांचे की आधार शिला है। आज यह संतुलन बिगड़ चुका है। मनुष्य में अधिकार प्राप्ति की लालसा इतनी बलवती हो चुकी है कि उसका दूसरा अभिन्न अंग कर्त्तव्य हमारी दृष्टि से ओझिल सा हो गया है जिसके दुष्परिणाम सर्वत्र दृष्टिगोचर हो रहे हैं।

मनुष्य को कर्त्तव्य परायण, धर्मनिष्ठ व्यक्ति बनाने के लिये उसके मानसिक विकास का संतुलन अनिवार्य है और उसके लिये आवश्यक है मनोवैज्ञानिक सहारा जिसका आभाव उसे बहुधा भ्रमित करदेता है। सृष्टि के निर्माण के समय क्षोभ उत्पन्न हुआ जिसमें स्पन्दन था। इस कम्पन ने शक्ति धारायें प्रवाहित करना प्रारम्भ की जो आगे चलकर तीन कार्यक्षमताओं में परिणित हो गई। एक का



कार्य सृजन करना दूसरे का कार्य पालन करना और तीसरे का कार्य विसर्जन करना है। मनुष्य ने इन्हें ब्रह्मा, विष्णु और महेष के नाम दे डाले। वही शक्ति मूल रूप में मनुष्य में मानस के रूप में अवतरित हुई जिसमें तीनों कार्य क्षमतायें विद्यमान हैं। चूंकि उस शक्ति में स्पन्दन था अतः मानस में भी स्पन्दन विद्यमान है जो आज "मन की चंचलता" के रूप में सर्वविदित है। मानस की इस स्पन्दन शक्ति को हमने मन की चंचलता इस लिये कहा क्योंकि कालान्तर में उसमें संसार और साँसारिक आकर्षणों के प्रति अथाह अनुराग हो गया। वह साँसारिकता की ओर मुड़ गई और आज इस रूप में हमारे सामने विद्यमान है। इस चंचलता को पुनः मूल-स्पंदन का रूप देने के लिये यह आवश्यक है कि हम आध्यात्मिकता के साथ साथ मनोवैज्ञानिक सहारा भी लें क्योंकि जबतक हम शरीर, परिवार और समाज से सम्बन्द्ध रहेंगे तब तक हमारे कुछ कर्त्तव्य और उत्तरदायित्व भी होंगे। उनको पूर्ण करने के लिये हमें अपने में मानसिक संतुलन उत्पन्न करना होगा और यह तभी सम्भव है जब हमें आत्मीयता और स्नेह मिला हो। इन से मनुष्य को प्रेरणा मिलती है उसकी भावनाओं और वृत्तितों का समुचित विकास होता है और वह सन्मार्ग पर चलकर अपने साँसारिक जीवन को सार्थक और सफल बनाता है। परन्तु इसकी प्राप्ति ही मानव जीवन का अंतिम ध्येय नहीं है उसे इनसे परे भी कुछ प्राप्त करना है। वही है उसकी आध्यात्मिक आवश्यकता आध्यात्मिकता के द्वारा ही मनुष्य जीवन के अन्तिम लक्ष्य 'मोक्ष' की प्राप्ति कर सकने में समर्थ हो सकता है।

मनुष्य की इन आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु हमारे शास्त्रों में चार प्रकार के पुरुषार्थ धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष माने गये हैं जिससे वह अपनी समस्त आवश्यकताओं की पूर्ति कर सकता है। हमारे पूर्वजों ने इनकी पूर्ति के लिये वैदिक युग में आश्रम व्यवस्था की स्थापना की। धर्म शब्द की उत्पत्ति संस्कृत की 'धृ' धातु से हुई। जिसके अर्थ हैं धारणा। मनुष्य की धारणा ही उसके समस्त कार्य-कलापों का आधार है इसी लिये उसे हमारे पूर्वजों ने धार्मिकता का पुट दे, जीवन का आधार बनगया। जीवन के प्रारम्भिक पच्चीस वर्ष परिवार और समाज से दूर रहकर ऋषिकुल आश्रमों में मनुष्य की धर्म निष्ठ कर्त्तव्य परायण व्यक्ति बनने का अवसर मिलता था जिससे कि वह अपने भावी जीवन नैया को सांसारिकता के अथाह सागर में सुचारु रूप से खे सके। गृहस्थाश्रम में रह कर मनुष्य अर्थ और काम के उद्देश्यों की प्राप्ति करता था और इस प्रकार

से पारिवारिक जीवन व्यतीत करते हुये वह भौतिक, सामाजिक और मनो-वैज्ञानिक आवश्यकताओं की पूर्ति करता था। इसके पश्चात् वह जीवन का शेषार्द्ध भाग वानप्रस्थ तथा सन्यास आश्रमों में व्यतीत कर आध्यात्मिक आवश्यकता की पूर्ति तथा पुरुषार्थ के अन्तिम उद्देश्य मोक्ष की प्राप्ति के लिए तप व्रत तथा योगाभ्यास आदि करता था। इस प्रकार उसके लगभग ५० वर्ष अध्यात्म मार्ग पर चल अपने अन्तिम लक्ष्य तक पहुँचने के लिए निर्धारित थे; परन्तु आज न तो वह समय है, न वह परिस्थिति है और न वह वातावरण ही। आज की सामाजिक व्यवस्था कुछ ऐसी बन गई है कि प्रारम्भ से लेकर अन्त तक मनुष्य उसी जाल में फंसा रहता है जिससे छुटकारा प्राप्त करने का न तो उसके पास साधन है और न ही सामर्थ्य। विवश हो वह प्रतिक्षण सांसारिक आकर्षणों में लिप्त होता जाता है। कौशेय जन्तु की भांति वह अपने द्वारा ही अर्जित स्थूलता के भड़कीले धागों में लिपटता जाता है और अन्ततोगत्वा वह स्वयमेव स्थूल रूह बन जाता है। परिणाम-स्वरूप स्थूलता ही स्थूलता रह गई और उसके अन्तरतम में निहित सूक्ष्मता शक्ति या आत्मा अपना वास्तविक रूप खो बैठी। अब वह भड़कीला अम्बर ही वास्तविकता हो गई जिसके मंत्रमुग्ध कर देने वाले आकर्षणों ने हममें यह धारणा उत्पन्न कर दी कि हम उसी को सर्वस्व मान बैठे और उसी के आसिक बन गये। इसमें आज के तथाकथित महात्माओं तथा उपदेशकों का योगदान भी कुछ कम नहीं है जिन्होंने शास्त्रों में वर्णित स्थितियों तथा दृष्टान्तों को पुस्तकीय ज्ञान के आधार पर जैसे का तैसा समझने का प्रयास किया। इसके मुख्यतः दो कारण थे। प्रथम यह कि उनमें वर्णित स्थितियाँ तथा इन पर आधारित दृष्टाँतों की उन्हें स्वयं अनुभूति नहीं थी। दूसरे यह कि उन्हें अपने प्रभुत्व को बनाये रखना था। इस उद्देश्य से उन्होंने अध्यात्म योग को दुर्लभ बता डाला ताकि सर्वसाधारण इस हेतु सदैव उन पर आश्रित ही रहें। हमें केवल जप पाठ और पूजन आदि ही पर्याप्त बताया और योगाभ्यास गृहस्थों के लिए असाध्य बन गया है जबकि श्रीकृष्ण भगवान ने स्वयं इसका खण्डन करते हुए लिखा है कि—

नांह वेदैनं तपसा न दानेन न चेज्यया
शक्य एवं विधो दृष्टुं दृष्टवानसि मां यथा।

हे अर्जुन जैसा तुमने मुझे देखा है वैसा मुझे वेदो से, तपसे, दान से, अथवा



यज्ञ से कोई देख नहीं सकता। अर्थात् ईश्वर के वास्तविक रूप की अनुभूति इन वाह्य उपकरणों से कदापि नहीं हो सकती परन्तु फिर भी इन धर्माचार्यों ने हमें इसके भ्रम जाल में फंसा दिया और उससे छुटकारा प्राप्ति के सारे साधन लुप्त से हो गये। स्वामी विवेकानन्द के अनुसार आज का धर्म रंगाई तक ही सीमित रह गया है।

ईश्वर प्राप्ति के अनन्य मार्गों में सदैव से राजयोग सर्वोत्तम माना गया है। यही केवल वह मार्ग है जिसके द्वारा मनुष्य अपने अन्तिम लक्ष्य तक पहुँच सकता है। हमारे परम पूज्य बाबूजी महाराज द्वारा प्रतिपादित "सहज मार्ग" उसी राजयोग का परिवर्तित तथा संशोधित रूप है। भौतिकवाद के अथाह दलदल में फ़ंसे मानव को उससे उबारने के लिए उन्होंने आज के वातावरण तथा परिस्थितियों के अनुरूप राजयोग को अति सरल और स्वाभाविक बना दिया है जिसके द्वारा मनुष्य इसी जन्म में, अपने सारे कर्त्तव्यों और उत्तरदायित्वों को निभाते हुए उच्चतम आध्यात्मिक उन्नति प्राप्तकर अपने लक्ष्य को पहुंच सकता है। महात्मा श्रीरामचन्द्रजी महाराज, अध्यक्ष, श्रीरामचन्द्र मिशन, शाहजहाँपुर, जिन्हें हम सब श्रद्धा और स्नेह से "बाबूजी" कहते हैं, ने शाहजहाँपुर के एक संभ्रान्त कायस्थ परिवार में जन्म लिया। उनके पिता रायबहादुर बाबू बद्रीप्रसाद नगर के एक धनी मानी तथा प्रतिष्ठित एडवोकेट थे, जिनके चरणों पर लक्ष्मी लोटा करती थी। ऐसे सम्पन्न परिवार में पैदा होकर भी श्री बाबूजी महाराज में साँसारिक सुख और वैभव के प्रति कोई अनुराग न था अतः साधारण सी शिक्षा प्राप्तकर उन्होंने उसी नगर में एक नौकरी कर ली। यदि वे चाहते तो उच्च से उच्च शिक्षा प्राप्तकर अच्छे पद पर आसीन हो सकते थे परन्तु उनको इतना अवकाश कहाँ कि वे इन झंझटों में अपने बहुमूल्य समय को व्यर्थ नष्ट करते। उन्हें तो समस्त मानव जाति के कल्याण तथा उत्थान के उत्तरदायित्व का भार उठाना था जिसके लिये वे अवतरित हुए हैं। इसी उद्देश्य से उन्होंने १९४५ में श्री रामचन्द्र मिशन की स्थापना कर सहज मार्ग का संदेश सर्व साधारण तक पहुँचाने तथा जन समुदाय का आध्यात्मिक विकास करने का बीड़ा उठाया।

सहज मार्ग साधना पद्धति ईश्वर प्राप्ति का एक साधन और स्वाभाविक मार्ग है जिसके अन्तर्गत अभ्यासी को प्राणाहुति की शक्ति का सहारा प्राप्त है। प्राणाहुति एक यौगिक क्रिया है जिसके द्वारा गुरू अभ्यासी में दैवी शक्ति प्रविष्ट कर उसकी आत्मा पर छाये हुये विकारों को दूर करते हुये उसे ईश्वरोन्मुख

बना देता है। यह कोई नवीन विद्या नहीं वरन् यह सदैव राजयोग का आधार रही है। शास्त्रों में इसके अनेक उदाहरण मिलते है। रामायण में लिखा है कि "तारा विकल देखि रघुराया, दीन्ह ज्ञान हरि लीन्हीं माया" तारा को आकुल देखकर भगवान राम ने उनकी माया हर ली और ज्ञान दे दिया परन्तु न तो ज्ञान ही कोई भौतिक वस्तु थी और न ही माया, जिनका आदान प्रदान इतनी शीघ्रता के साथ हो गया। यह केवल प्राण विद्या ही थी। इसी प्रकार कुरुक्षेत्र के मैदान में जब अर्जुन का मोह किसी प्रकार नहीं हटा तो भगवान कृष्ण ने उन्हें अपना विराट रूप दिखाया। प्राणविद्या से भगवान कृष्ण ने अर्जुन को उस स्थिति में पहुँचा दिया जहाँ वे अपने दिव्य चक्षु से समस्त वास्तविकता की अनुभूति कर सके। परन्तु यह प्राणविद्या कालान्तर में लुप्त हो गई क्योंकि ऐसे महापुरुषों का अभाव हो गया था। परिणाम स्वरूप राजयोग अपना वास्तविक रूप खोकर मात्र वह वीणा रह गई जिसके तार टूट चुके थे। ऐसे स्वरहीन साज पर कोई गीत लहरी झंकृत नहीं की जा सकती। ऋषि पतञ्जलि ने इस समस्या का समाधान करने के उद्देश्य से अष्टाँग योग का प्रतिपादन किया। उन्होंने लिखा है कि "योगश्चित्तवृत्ति निरोधः" इस तथ्य का दृष्टाँत पुराणों में सागर मन्थन और भगवान विष्णु की शेष शैया के द्वारा वर्णित किया गया है। परन्तु दुर्भाग्य से हमारे धर्माचार्यों ने मन चाहे अर्थ कहकर अनर्थ कर डाला है। वास्तविक तथ्य यह है कि मनुष्य का मन ही सागर है जिसमें जैसा कि पहले वर्णन कर चुका हूँ दैवी और मानवी दोनों प्रवृत्तियां विद्यमान हैं। इनमें मन की चंचलता के कारण सदैव संघर्ष चला करता है। इसी संघर्ष को रूपक बना सागर मन्थन का दृष्टांत प्रस्तुत किया गया, जिसमें मन की चंचलता रूपी सर्प के मुंह की ओर राक्षस हैं और पूंछ की ओर देवता क्योंकि सर्प के मुंह में विष होता है और पूंछ में उस विष का काट। आसुरी प्रवृत्ति सदैव विष उगलती है और दैवी प्रवृत्ति अमृत। विष्णु भगवान की शेषशैया में शेषनाग क्षीरसागर रूपी मानव मन में क्रोध अहंकार और वासना वृत्तियों का द्योतक है और लक्ष्मीजी से अभिप्राय है वह आकर्षण जो मनुष्य को पतन के गर्त में गिरा सकते हैं। यदि हम भी अपने मन का मन्थन कर विवेक रूपी अमृत का पान कर सके तो, निश्चय ही हमारी सारी वृत्तियाँ हमारी चेरी बन जायेंगी और इस प्रकार से अष्टाँग योग में वर्णित योगश्चित्तवृत्ति निरोधः की स्थिति सहज में ही प्राप्त हो सकती है, यदि हमें प्राणाहुति का सहारा मिल जाय। इसके



अभाव के कारण ही ऋषि पातंजलि ने राजयोग के मूल सोपान, धारणा, ध्यान और समाधि के पूर्व पाँच सोपान यम, नियम, आसन, प्राणायाम तथा प्रत्याहार और जोड़ दिये ताकि मनुष्य उनका क्रमशः पालन कर अपने को इस योग्य बना ले कि ध्यान योग का अभ्यास कर अपने लक्ष्य की प्राप्ति कर सके। परन्तु न तो आज वह समय है नहीं वह परिस्थितियां कि हम इन सोपानों का क्रमशः पालन करते हुये अपने को इस योग्य बनाने का प्रयास करें क्योंकि एक परिवारिक जीवन व्यतीत करनेवाले व्यक्तिके कंधोंपर कर्त्तव्य और उत्तरदायित्व काभार होता है, विशेषकर आज के युग में जबकि हमारा जीवन ही संघर्ष बन चुका है परिणाम यह हुआ कि जन साधारण ने इसकी कल्पना तक छोड़ दी।

हमारे परम पूज्य बाबूजी महाराज ने इस समस्या का हल सहज मार्ग के रूप में दिया है। इसके अन्तर्गत अभ्यासी को केवल ध्यान से ही प्रारम्भ करना होता है और ध्यान के द्वारा ही वह अपने परम लक्ष्य तक पहुँच जाता है। जब हम किसी काम को प्रारम्भ करते हैं तो उससे पूर्व हमारा कोई न कोई उद्देश्य अवश्य बन जाता है जिसको प्राप्त करने के लिए ही हम उस कार्य को करते हैं। इसी प्रकार साधना प्रारम्भ करने से पूर्व भी हम अपना लक्ष्य बना लेते हैं। अब प्रश्न यह है कि मानव जीवन का वास्तविक ध्येय क्या है? गीता में श्रीकृष्ण भगवान ने कहा है –

सर्व भूतानि कौन्तेय प्रकृति यान्ति भीमवान्।
कलाक्षये पुनस्तानि कल्पायौ विसृजा म्यहम् ॥

हे अर्जुन, कल्प के अन्त में सब भूत मेरी प्रकृति में आ मिलते हैं और कल्प के प्रारम्भ में उनको मैं ही फिर निर्माण करता हूं। इसी प्रकार से ऋग्वेद के नासदीय सूत्र में लिखा है "सः ऐच्छत एकोऽहम् बहुस्वामि प्रजायये।" इससे स्पष्ट है कि सृष्टि से पूर्व हम कुछ नहीं थे और सृष्टि के अन्त में हम फिर कुछ नहीं बन जावेंगे यही है मानव जीवन का वास्तविक ध्येय जिसकी प्राप्ति के लिए हम साधना करते हैं। जब हमारा ध्येय निर्धारित हो गया तो वही हमारी धारणा बन गई उसी धारणा को लेकर हमने ध्यान प्रारम्भ किया। ध्यान-योग के अभ्यास से समाधि की स्थिति स्वतः प्राप्त हो जाती है क्योंकि समाधि ध्यान का परिणाम है न कि स्वयं में एक साधन। इस प्रकार से सहज मार्ग के अन्तरगत अष्टाँग योग के विपरीत केवल ध्यान योग के द्वारा ही हमें अपनी साधना करनी है परन्तु इसके अर्थ यह भी नहीं कि ऋषि पातंजलि द्वारा प्रतिपादित पाँच

सोपान–यम, नियम, आसन, प्राणायाम और प्रत्याहार से हमें कोई सरोकार नहीं। इनसे हमें सरोकार है भी और नहीं भी। है इस प्रकार से कि इनके बिना आध्यात्मिक उन्नति हो नहीं सकती और नहीं है इस अर्थ में कि हमें इनके लिये अलग से कोई प्रयास या परिश्रम नहीं करना है। नियमित रूप से साधना करने से यम, नियम और आसन का स्वतः अभ्यास हो जाता है समाधि की स्थिति में स्वयमेव प्राणायाम हो जाता है। प्राणाहुति के द्वारा जब मन ईश्वरोन्मुख हो जाता है तो उसकी वही चंचलता जो मनुष्य को ईश्वर से दूर ले जाती रहती है उसी गति से वह उसे ईश्वर की ओर बढ़ने में भी सहायक होती है। संसार और सांसारिक आकर्षणों के प्रति अनुचित अनुराग समाप्त होने लगता है। हमारा मन जितना इनके प्रभावों से मुक्त होता जाता है उतना ही हमारी इन्द्रियों का विग्रह और वृत्तियों का संतुलन बढ़ता जाता है इस प्रकार से केवल ध्यान से ही हमें सब कुछ मिल जाता है।

अब प्रश्न यह है कि ध्यान हम किसका करें और किस प्रकार करें। ध्यान के लिये हमें किसी आधार की आवश्यकता है जिस पर हम अपने मन को केन्द्रित कर सकें और आधार भी स्थूल हो अन्यथा न तो उसका कोई आधार होगा न रूप और न रंग। यदि हमने इस प्रकार का कोई आधार मान लिया तो हमारी धारणा में स्थूलता बैठ जायेगी। जिसका परिणाम यही होगा कि हम अपने अन्तिम लक्ष्य 'कुछ नहीं" अथवा "शून्य" की प्राप्ति कभी नहीं कर पायेंगे। इस जटिल समस्या का समाधान हमारी साधना पद्धति की एक महान विशेषता है क्योंकि उपकरण के औचित्य पर ही बहुत कुछ हमारी सफलता निर्भर करती है। हमारे यहां अभ्यासी को हृदय में ईश्वरीय प्रकाश की कल्पना मात्र करके ध्यान प्रारम्भ करना होता है। प्रकाश से सूक्ष्म और कोई वस्तु नहीं होती चूंकि हमें सूक्ष्मता से सूक्ष्मतम की ओर बढ़ना है अतः सूक्ष्म वस्तु का प्रारम्भ से सहारा ही उचित है। इसके अतिरिक्त ध्यान हृदय पर करना है जिसकी अपनी अलग महानता है। हृदय शरीर में रक्त संचार का केन्द्र है जब हम उस पर ईश्वरीय प्रकाश की कल्पना करके ध्यान करते हैं तो उतनी देर उसके द्वारा संचलित रक्त आध्यात्मिकता के रंग में रंग सारे शरीर में प्रवाहित होने लगता है। आध्यात्मिकता हमारे शरीर के रोम २ में व्याप्त होने लगती है हमारा सम्पूर्ण अस्तित्व उसी रंग में रंग जाता है परिणाम स्वरूप हमारे स्वभाव, इन्द्रियों तथा वृत्तियों पर भी उसका रंग चढ़ने लगता है उनमें दवत्व



व्याप्त होने लगता है और धीरे २ स्वतः 'योगस्य चित्त वृत्ति निरोधः' की स्थिति पर हम पहुंचने लगते हैं। संसार और सांसारिक आकर्षणों के प्रति हम उदासीन होने लगते हैं। हम स्वतः वैराग्य की वह स्थिति जिसका वर्णन भगवान कृष्ण ने गीता में निम्न शब्दों में किया है प्राप्त कर लेते हैं –

ब्रह्मण्याधाय कर्माणि सङ्गं त्यक्त्वा करोतियः।
लिप्यते न स पापेन पद्मपत्र मिवाम्भसा ॥

वैराग्य की वास्तविकता को और भी अधिक स्पष्ट करते हुये हमारे पूज्य बाबूजी महाराज ने अपनी पुस्तक Reality At Dawn में लिखा है– "Renunciation truely means non attachment with worldly thing and not the non possession of things."

यह स्थिति तभी सम्भव है जब हम ध्यान योग द्वारा अपनी आत्मा को परम् ब्रह्म अथवा "मालिक" से सम्बद्ध कर लें जिसके लिये हमें श्री बाबूजी महाराज द्वारा बनाये हुये मार्ग अर्थात 'Attach yourself to God, non attachment will follow itself" का अनुकरण करना है और प्राणाहुति की सहायता से यह कार्य कोई कठिन नहीं रह जाता। हमारा हर कार्य कर्त्तव्य की भावना से होने लगता है और कर्त्तव्य की भावना से किया गया कार्य पूर्णतः निष्काम होता है। अतः इस प्रकार से चित्त तथा वृत्तियों का निरोध कर, वैराग्य तथा निष्काम की स्थिति प्राप्त कर लेने पर क्या वह दिन दूर रहेगा जब हम अपने लक्ष्य की प्राप्ति कर सकें। संसार में रहते हुये, पारिवारिक जीवन व्यतीत करते हुए, अपनी समस्त आवश्यकताओं की पूर्ति करते हुए पुरुस्वार्थ के उद्देश्यों की प्राप्ति कर हम इसी जीवन में उच्चतम आध्यात्मिक उन्नति कर सकें। प्राणाहुति की शक्ति से क्षण मात्र में मनुष्य पूर्णत्व को प्राप्त हो सकता है यदि वह इस योग्य हो। जितना ही हम अपने को इस योग्य बनाते जायेंगे उतना ही हम उस शक्ति के सहारे क्षण प्रतिक्षण उन्नति करते जायेंगे और एक दिन हम उस 'कुछ नहीं' अथवा 'शून्य' में पूर्ण रूपेण लय अवस्था प्राप्त कर लेंगे। इसके लिए न तो हमें घर बार छोड़ जंगलों की शरण लेनी होगी न तप वृत करना है वरन् हमारा घर ही हमारी तपोभूमि बन जावेगी। पारिवारिक जीवन के झंझट और परेशानियां ही हमारे लिए जप–तप बन जायेगी और हम शीघ्र ही अपने लक्ष्य की प्राप्ति कर सकने में सफल हो जायेंगे।

# भक्ति का स्वरूप

(कु० कस्तूरी चतुर्वेदी)

भक्ति का विवरण अनेक प्रकार से एवं अनेकों रूप में मिलता है। भक्ति देवी है, वरदान देती है इत्यादि। भक्ति अपने इष्ट की प्राप्ति के लिए की जाती है यह तो सत्य है। किन्तु इसका प्रत्यक्ष स्वरूप मैंने कुछ भिन्न ही पाया है। जब हम किसी को चाहते हैं तो मस्तिष्क में उसका एक विचार सा घर कर लेता है। उधर हमारे अवचेतन में हमें उसकी प्रतीक्षा सी रहने लगती है। फिर उस विचार को हमारा अपना ही विचार अनजाने ही पालने लगता है। उस बसे हुये विचार को हमारा जो विचार, जो अर्पण पालता है उसे ही भक्ति कहा जा सकता है। किन्तु भक्ति का कोई निजत्व नही, कोई स्वरूप नहीं, न विचार है। वास्तव में भक्ति तो केवल वह सत्य शक्ति है, वह सामर्थ्य है जो अपने लक्ष्य से, अपने इष्ट से तादात्म्य हो जाने के लिए हमारे अन्तर में उतरने लगती है। भक्ति वह रस है, वह एकत्व है जो जीव और परमात्मा में एक है। वह समत्व है जो जीव और परमात्मा में समाहित है। भक्ति वह मौन है, जो कुछ कहना चाहकर भी मौन है, जो कुछ करना चाहकर भी किसी की प्रतीक्षा है उसे। किन्तु इतना अवश्य है कि इसका यह वास्तविक स्वरूप हमारे समक्ष बहुत बाद में प्रत्यक्ष हो पाता है। प्रथम तो जैसे हम ग्रन्थि के प्रत्येक छोर को भक्ति समझ बैठते हैं उसी प्रकार नेह के हर रस में हमें भक्ति-रस की ही प्रतीत होती है। यह विश्वास एवं भ्रम तब तक हमें होता ही है जब तक कोई समर्थ सद्गुरू अपनी पावन प्राण-शक्ति द्वारा हमारे समक्ष दूध का दूध और पानी का पानी करके नहीं रख देती है। इसलिये हमारे लिये यह उचित है, हमारा यह कर्तव्य है कि हम विचार में अपना कोई श्रेष्ठ लक्ष्य, निर्धारित करें। उसके प्रति हमारी निष्ठा सी होने लगती है।

यह बात तो सत्य है कि यदि हमें पर्वत पर चढ़ना है तो नीचे देखने से हम पर्वत पर चढ़ नहीं सकेंगे। पुनः पुनः नीचे देखने से मन में एक छुपा हुआ निर्बलता का भाव उत्साह का ह्रास करके हमें अपने लक्ष्य से दोलायमान करता है। लक्ष्य-रहित गति में शक्ति का समावेश नहीं होने पाता है। यही कारण है कि हम ऊँचे जाना भी चाहते हैं, श्रेष्ठ बनना भी चाहते हैं तो हमें



कहीं से बल नहीं मिल पाता है। विचार को केवल विचार में ही सीमित किये हुए हम अपने ही इर्द गिर्द परिक्रमा काटते हुए संसार से रिक्त ही लौट जाते हैं। जबकि चाहिए यह कि हम जो कुछ भी अर्जन करें उसे कोई अपनी शक्ति से हमारे श्रेष्ठ घर में, उस महान् लक्ष्य में, जहाँ हम वास्तव में पहुँचना चाहते हैं, और जहाँ न पहुँच पाने से हम क्लेषित से, कुपित से दिखाई पड़ते हैं कोई वहीं पहुंचाता चले। इसके लिए सर्वप्रथम हमें, अपने विचार में एक लक्ष्य निश्चित करना चाहिये। जैसे जैसे हम अपने लक्ष्य की ओर दृढ़ता पूर्वक अग्रसर होते जायेंगे वैसे ही विचार की शक्ति द्वारा हमारे लिये उस श्रेष्ठ एवं दिव्य घर में एक स्थान स्थापित होता जायेगा। फिर वह दिव्य एवं श्रेष्ठ शक्ति हमारी ही लगन की डोरी द्वारा हमारी अर्जन की हुई भक्ति, शक्ति एवं जो कुछ भी है वहीं खींचती जाती है। तब संसार से देखने के लिए हम भले ही यहाँ से खाली चले जाते हैं किन्तु हमारा स्थान तो वहाँ हो जाता है जहाँ पहुंचकर हम फ़िर कभी नहीं लौटते हैं। जब तक हमारे वहां ठहर पाने के लिये कहीं कोई स्थान नहीं है, कोई हमें सहारा देने वाला नहीं है। बिना घर द्वार वाला मानव टिके भी तो कहाँ अन्ततः उसे यहाँ लौटना ही पड़ता है। किन्तु जब हमारा खेमा कोई अपनी प्राण-शक्ति द्वारा वहीं गाड़ देता है, अपनी शक्ति और अपनी सामर्थ्य द्वारा उसमें प्रवेश एवं प्रवाह देदेता है तो फिर हम सदा सदा के लिए उस अनन्त, अविरल, आनन्दमय में लीन हो जाते हैं। वास्तव में ऐसी समर्थ शक्ति वाला हमारा सद्गुरू होता है।

कितना सत्य एवं स्नेह युक्त कथन है कि हरि के के रूठे तो सद्गुरू रक्षा कर लेता है और हमें अपनी पावन बांहों का सहारा देकर ऊपर खींच लेता है। यदि हम ऊपर ऐसे चढ़ें जो हमें नीचे देखने का अवकाश भी न रहे और हम ऊपर चढ़ने के लिये लाचार भी हो जायें तभी हम मंजिल तक पहुँच सकते हैं। पृथ्वी में आकर्षण है वह हमें अपनी ओर (नीचे) खींचती है। माया में आकर्षण है वह हमें अपने में खींचती है। अपने में खो जाने को लाचार करती है किन्तु सद्गुरू में वह शक्ति होती है जो कि हमारे समक्ष अपनी पावन-प्राण-शक्ति (Transmission) द्वारा हमारे अंतर में वह श्रेष्ठ एवं दिव्य गतियों को उतारती चलती है कि फिर न तो हमें नीचे की ओर देखने का अवकाश ही रहता है और श्रेष्ठ लक्ष्य का आकर्षण एवं दृढ़ता हमें अपने में खींचती एवं समेटती चलती है। फिर मायिक – आकर्षण हमारे लिये आकर्षण-शक्ति वाला नहीं रह

जाता है बल्कि अंधेरा हो जाता है। हमारे अंतर में यह बात प्रत्यक्ष हो उठती है कि मायिक-आकर्षण झूठा है, असत्य है, केवल मृग – तृष्णा है। यदि यह सत्य होता तो हमारे साथ यहाँ की कोई चीज तो जाती। यहाँ तक कि हम यहाँ से नंगे ही चले जाते हैं। यह शरीर भी यहीं जलकर राख हो जाता है। इतना अवश्य है कि शुद्ध विचारों से विचारों और कर्मो की शुद्धि होती है। शुद्ध–शुभ-कर्मों से मन की वृत्तियाँ शुद्ध एवं शान्त होती हैं। किन्तु इससे हमारे लिए कहीं स्थान नहीं बनता है। स्थान तो तभी हमें मिलता है कि यदि हमें ईश्वर–प्राप्ति चाहिए तो कोई अपनी प्राण–शक्ति द्वारा, अपनी Sitting द्वारा हमें 'उसके' अन्दर प्रवेश देदे जिससे उसे भी पता लग जाय कि कोई उसका उसके निकट ही पहुँच गया है। समर्थ सद्गुरू की शक्तिमय शक्ति का अवलम्बन पा जाने से 'उस' तक पहुंचने की दूरी का भी अतिक्रमण हो जाता है। उस शक्ति एवं सामर्थ्य से सम्बन्धित हो पाने के लिए जो दृढ़ता एवं भक्ति अथवा अपनाइत चाहिए वह अपनाइत ही भक्ति है। इस अपनाइत को प्राप्त करने के लिए उसे दृढ़ बनाने के लिए हम जो उपाय एवं प्रयत्न करते हैं वह है साधना। 'उसके' अतिरिक्त अर्थात् अपने लक्ष्य के अतिरिक्त हमें अब कोई साध अथवा इच्छा नहीं है वही साधना साँची है और वही दृढ़ता, वही भक्ति सजीव होती है। भक्ति एवं साधना तो सजीव ही होना चाहिए। जिस साधना, जिस भक्ति द्वारा हमें आगे बढ़ने की शक्ति नहीं मिलती, वास्तविक जीवन में जीवित रहने की शक्ति नही मिलती वह साधना एवं भक्ति अधूरी है।

अनेकानेक क्रियाओं से हम मन को संतोष दे सकते हैं, किन्तु साधना में सजीवता नहीं डाल सकते हैं। सजीव–शक्ति की सहायता के बिना, साधना से हम नवजीवन की प्राप्ति एवं शाश्वत आनन्द रस का रसास्वादन प्राप्त नहीं कर सकते हैं। बिना शाश्वत भक्ति के, सतत् साधना के हम सदैव तृषित के तृषित ही बने रहते हैं। माया के अंधेरे में हम ईश्वर को खोजते ही रह जाते हैं, मुक्ति की प्राप्ति के बजाय हम क्रियाओं के बंधन से और भी जकड़ते ही चले जाते हैं। हमारी खोज, हमारी साधना बृथा ही सूने में भटकती रह जाती है। यदि हमें ईश्वर की प्राप्ति चाहिए तो सदैव उसके ही पावन प्रकास में, 'उसकी' ही अलौकिक शक्ति का साथ लेकर खोजें तो वह खोज सदैव पूर्ण होकर ही रहती है। जहाँ हमने 'उसे' खोया है वहीं खोजने से 'वह' शीघ्र और अवश्य मिल जाता है। सहज–मार्ग साधना का प्रारम्भ इन्हीं दोनों अवलम्बनों के द्वारा होता है। हमने ईश्वर को अपने हृदय में तमाम मायिक आवरण डालकर ही खोया है। सहज–



मार्ग में हम, 'हृदय में ही ईश्वरीय-प्रकाश मौजूद है' इस प्रकाश को लेकर ही 'उसकी' खोज का प्रारम्भ करते हैं। दूसरी ओर उसकी' अलौकिक शक्ति हमें उस तक पहुँचाने के लिए हमारे परम पूज्य श्री बाबूजी महाराज से 'उनकी' पावन-प्राण–शक्ति अर्थात *Transmission power* द्वारा मिलती है। फिर हमें मंजिल पाने में रह ही क्या जाता है। योगिक प्राण–शक्ति सदैव हमारे और 'उसकी' प्राप्ति के मिलन में समय की दूरी का अतिक्रमण कराती हुई हमारी खेमा 'उसके द्वार पर गाड़ देती है और हम बिना थके, बिना रुके, अप्रतिम गति से, कभी जाने–कभी अनजाने सदैव अपने जीवन के महान लक्ष्य की ओर खिचते ही चले जाते हैं। अनेकों स्थान पर मन अलौकिक आनन्द में डूबकर बिस्मृत हो जाना चाहता है किन्तु श्री बाबूजी की वही पावन - प्राण–शक्ति, वही सजीव शक्ति हमें विस्मृत नहीं होने देती, डूब कर खो नहीं जाने देती क्योंकि मिलन में इतनी सी देर हो जाये, इसकी 'उन्हें' ताब कहाँ है और हमारे पास समय की न्यूनता है भी। अतः हमें सतत् रूप से आगे बढ़ना ही होता है। जो ईश्वरीय–गति कही जाती है वही हमारी गति होने लगती है; हम व्यापक होने लगते हैं। हमारी शक्ति हमारी साधना, हमारी भक्ति हमारा स्वरूप व्यापक होने लगता है। एक दिन उस सर्वव्यापी में हमारा तादात्म्य हो जाता है और हम न जाने क्या हो जाते हैं; जाने कहां खो जाते हैं फ़िर हमें न अपना पता रहता है और न अपने ठिकाने का ही पता रहता है। यह है भक्ति का स्वरूप जिसका कोई स्वरूप नहीं होता है; कही उसकी स्थिति नहीं होती, कोई गति नहीं होती। पता नहीं क्या प्रलय हो जाती है; आत्मा - परमात्मा उसके लिये केवल सुनने की बातें हो जाती हैं। योग और भोग सब कुछ एक हो जाता है समय उसके लिये कोई मूल्य नहीं रखता है, असमय कभी होता ही नहीं है। कितने यत्नों से संजोई भक्ति एवं आध्यात्मिकता हमसे किनारा कर लेती है और हम केवल दृष्टामात्र बने देखते रहते हैं क्योंकि समर्थ के समक्ष हम असमर्थ होते हैं। हाथ को हाथ नही सूझता, दृष्टि लक्ष्य पर केन्द्रित होकर मर जाती है, सो हटाये नहीं हटती। हम मृत्यु पा कर भी जीवित हुये थे सजीव शक्ति के सहारे किन्तु अब कौन बचाये जब मृत्यु की भी मृत्यु हो गई। हृदय के किसी एक कोने में मृत्यु के मरण की केवल हिचकी सुनाई देती है- "बिना भक्ति तारो तब तारिबो तिहारो है।"

यह तो होती है भक्ति की हालत जिसे सहज-मार्ग में हम केवल प्रत्यक्ष ही नहीं पाते हैं बल्कि इनका परिक्रमण करते जाते हैं। किन्तु भक्ति जब महाप्रलय को प्राप्त हो जाती है तब विचित्र बात होती है मानों साधन के लिए सर्वत्र महाप्रलय ही, महाशान्ति ही व्याप्त हो जाती है। शक्ति या सामर्थ्य का बोध भी उस समय क्षणिक ही मिल पाता है जबकि कोई आज्ञा एवं काम हमारे सामने होता है नहीं तो हम केवल वही हो जाते हैं, हमारा स्वरूप, हमारी साधना का स्वरूप, हमारी भक्ति का वही स्वरूप हो जाता है जो होना चाहिए और कहा भी क्या जा सकता है ? भक्ति को वाणी नहीं, साधना को दृष्टि नहीं और शक्ति में शक्ति नहीं है तो फिर स्वरूप कहा भी जाये तो कैसे !

## —सूक्तियाँ—

( श्री बाबूजी महाराज )

१ यदि मन का सुधार न हुआ न *Transformation* ही हुआ तो पूजा से लाभ ही क्या हुआ और न सच्ची लगन ही कही जा सकती है।

२ ईश्वर को प्राप्त करने के लिये *Knowledge* की आवश्यकता नहीं है बस ध्येय हो उसकी प्राप्ति का तभी यह सरल उपाय है। (कस्तूरी)

३ समाधि का अर्थ है कि जो हालत (सम+आदि) साम्यता आदि में हमारी थी वही हो जाये वही असली समाधि है।

४ देखते हुये अनदेखीनी हालत *Negation* की शुरुआत है। हमारा *Goal* केवल जात ही जात है जहाँ नावाकिफों की ही गुजर है। बात यही है कि न होते हुये भी होने का ख्याल न आवे यह दशा *Negation* के कमाल की है।

५ जब बेख्याली का एहसास जाता रहे और ख्याल व बेख्याली दोनों में तमीज का अन्दाज जाता रहे तब *Originality* की शुरुआत है।

६ हस्ती कोई भी *Power* के जरिये एहसास में आती है। और ज्यों-ज्यों ऊपर पहुँचते हैं तो *Power* का *Weight* कम होते-होते समाप्त प्रायः हो जाता है इसलिये अन्दाज होता है कि ईश्वर की शक्ति काम करती है परन्तु वह स्वयं *Powerless* है यही ईश्वर का बहुत बड़ा भेद है।

७ यदि हमारे सामने *Light* मौजूद रहती है तो फिर इसके पीछे क्या है यह हम कैसे देख सकते हैं इसलिये हमारे यहां पहले *Light* को लेते हैं फिर वह स्वतः धीरे-धीरे समाप्त प्रायः हो जाती है।

# योग कर्म की एक विधि है।

(लेखक उमाशंकर आर्य, सीतापुर)

वेदों में ईश्वर प्राप्ति के लिये कर्मकाण्ड पर बल दिया गया है। यज्ञों को प्रधानता दी गई है। यज्ञ कई प्रकार के वर्णित हैं परन्तु कालान्तर उसके एक ही उद्देश्य (हवन) पर बल दिया जाने लगा। वायु शोधन, वातावरण शोधन, एवम् रोग निवारण शक्ति सर्वमान्य हो गई। तदोपरान्त मनोकामनाओं की पूर्ति हेतु यज्ञ होने लगे। पुत्र कामना के लिये पुत्रेष्ठि यज्ञ, अश्वमेधयज्ञ वर्षा के लिए यज्ञ, राज्य लिप्सा पूर्ति हेतु बहुत बड़े नरसंहार करने के पश्चात् राजसूय यज्ञ की पूर्णाहुति होने लगी। ईश्वर प्राप्ति के स्थान पर सांसारिक कामनाओं ने स्थान ग्रहण किया। हम असल से दूर होते गये। कर्मकाण्ड ने अहंकार को जन्म दिया। "अहम्" जो आत्मा के लिए था मनुष्य अपने लिये प्रयोग करने लगा। ज्ञानकाण्ड से भी मनुष्य असल से दूर हो चुका था। ब्रह्म के स्थान पर ईश्वर की उपासना पर बल दिया जाने लगा। ब्रह्म के संकल्प (जिसे क्षोभ की संज्ञा दी जाती है) इस (एको अहम बहुस्यामि) से सृष्टि की रचना हुई थी। ब्रह्म के इस ऐश्वर्य का संचालन करने वाले को ईश्वर कहा जाने लगा। ईश्वर मायोपहित है क्योंकि उसने प्रकृति की सहायता से सृष्टि रची। इसे सत्, चित आनन्दस्वरूप, सर्वशक्तिमान कहा जाने लगा। अब ब्रह्म के दो रूप हो गये एक ब्रह्म और दूसरा उसकी शक्ति। ब्रह्म के स्थान पर उसकी शक्ति की उपासना होने लगी। संतों ने बार बार दोहराया कि शक्ति का हम न नामकरण कर सकते हैं और न रूप दे सकते हैं। किन्तु संतोतर मानव ऐसा क्यों न करे। वह तो "अशरफुल मखलूकात" कहा जाता है अर्थात मनुष्य सर्वश्रेष्ठ प्राणी जो कहा गया है। ईश्वर यदि सत्, चित, आनन्दस्वरूप है, सत् चित, आनन्द गुण हैं परन्तु ब्रम्ह गुणातीत है। इसीलिये ईश्वर हो हमारा लक्ष्य नहीं है। फिर प्रश्न आता है ब्रम्ह क्या है, उसकी स्थिति क्या है और उसका कोई नाम और रूप भी है ? मैं प्रश्न करता हूँ कि सृष्टि की रचना के पूर्व क्या था ? आप उत्तर देंगे "कुछ नहीं"। यही कुछ नहीं की स्थिति ब्रम्ह की है। भगवान शंकराचार्य का शून्यवाद इसी का प्रमाण है। अब प्रश्न होता है कि जब कुछ नहीं था तब क्या था ? वही ब्रम्ह। उस ब्रम्ह में कोई शक्ति नहीं परन्तु सारी शक्तियाँ उसी से निकली हैं। ब्रम्ह की शून्यता एवम् शक्ति-

हीनता के प्रमाण के लिये आपके सम्मुख दो वैज्ञानिकों के प्रमाण प्रस्तुत करता हूँ।

**शून्य:-** पृथ्वी पर हवा का भार अधिक है ऊंचाई पर कम होता जाता है, अधिक ऊंचाई पर बिल्कुल कम उसके बाद नहीं के बराबर हो जाता है अर्थात् शून्य ही रह जाता है। वैज्ञानिकों ने इसे ईथर और दार्शनिकों ने इसे आकाश भी कहा है योगियों ने अपने को शून्य करके (समाधि द्वारा) स्थूलता के आवरणों को हटाकर सूक्ष्म में इस शून्य (आकाश) का भेदन करते हुए अपनी यात्रा आरम्भ की। यही वह रहस्य है जो गुरू द्वारा प्राप्त होता है, पुस्तकों से नहीं। इसी के लिये गुरू बिरजानन्द ने दयानन्द से पुस्तकें फिकवाईं और पिछला ज्ञान भूलने को कहा। शून्य में लाकर उनकी सारी यात्रा कराई, ज्ञान के स्थान पर विवेक जगाया। यही सहज और स्वाभाविक मार्ग है परन्तु बिना गुरू की सहायता सफलता नहीं होती क्योंकि जब हम अपने को शून्य कर लेते हैं तब गुरू कृपा से हमारे अन्दर ईश्वरीय शक्ति आती है इसी का नाम है "शक्तिपात"।

**उसमें कोई शक्ति नहीं :-** गुरुत्वाकर्षण शक्ति के नियम के अनुसार हम केन्द्र से जितनी दूर होंगे आकर्षण शक्ति उतनी ही अधिक होगी, जितना ही निकट होते जावेंगे आकर्षण शक्ति कम होती जावेगी। यहां तक कि केन्द्र पर पहुँच कर शक्ति बिल्कुल नहीं रहजाती। यदि हम यह कहें यह नहीं हो सकता तो हमारी भूल ही होगी। सोंचिये ब्रम्ह को नाम और रूप देना या उसे सत्, चित, आनन्दस्वरूप और सर्वशक्तिमान मानने वाली विचार धारा अपने लक्ष्य से कोसों दूर है।

उपरोक्त शक्ति को तीन भागों में बाँटकर उसके तीन नाम दे डाले गये। ब्रम्हा, विष्णु और महेश। ब्रम्हा की इच्छा से ही सृष्टि की उत्पत्ति, स्थित तथा लय होती है प्रकृति के सारे कार्य स्वतः होते रहते हैं। उसका चालक एक ही है। दिन, रात, जाड़ा, गर्मी, वर्षा यह एक क्रम से होते रहते हैं। यही तो ब्रम्ह की विशेषता है। विकास और संकुचन की प्रणाली सृष्टि रचना और लय करता रहता है। पाठकगण ध्यान दें। हमारा एक ही मार्ग सीधा और सरल था। उससे सम्बँ छूटता गयीं लक्ष्य भी छूटता गया और अनेकों मार्ग बनते गये।

वैदिक काल ही में इन्द्र, वरुण, अग्नि आदि देवताओं ने जन्म लिया। बाद में बढ़ते बढ़ते असंख्य देवी और देवताओं ने घर कर लिया। अब हमारा मार्ग सरलतम के स्थान पर जटिलतम बन गया।



लोगों ने घर बार छोड़कर जंगल जाने का आदेश दिया। लक्ष्मी को चंचला बतलाया और उसे त्यागने को कहा। लड़के, स्त्री, पुत्र आदि का मोह आध्यात्मवाद के मार्ग में बाधक बताया। उस पिता ने हमारे लिए सृष्टि रची, हमारे लिये गृहस्थ धर्म बताया एवम् हमारे आस पास अपने सारे ऐश्वर्यो का दिग्दर्शन कराया। लोग इसमें इतना रमने लगे कि उस ब्रम्ह को भूलने लगे। हमारे पथ प्रदर्शकों को इन बाधाओं में साधना का मार्ग न मिला या यूं कहें कि बाधाओं से ऊबकर जंगल की ओर भागने लगे। इन्होंने वैराग्य को ही ईश्वर प्राप्ति का साधन समझा। वैराग्य का अर्थ केवल साँसारिक वस्तुओं से विराग ही समझा। अकर्मण्य लोगों के लिए यह कहावत चरितार्थ हुई—नारि मुई गृह सम्पत्ति नासी, मूड़ मुड़ाय भये सन्यासी। इस सम्बन्ध में एक कथा है। एक महात्मा ने एक सन्यासी को एकान्त में रोते देखकर पूछा—'तुम रोते क्यों हो'? उसने कहा— "स्त्री की याद आती है"। महात्मा ने कहा 'अगर यही हाल था तो घर छोड़ा क्यों? उसने कहा—"मैंने कहाँ छोड़ा है। एक दिन मेरी स्त्री से लड़ाई हुई, उसने कहा, तुम घर छोड़कर चले जाओ", मैं करता क्या? इस प्रकार घर ने सन्यासी को छोड़ दिया, सन्यासी ने घर नहीं छोड़ा। वास्तव में वैराग्य एक स्थिति है जो स्वतः पैदा होती है। ऋषियों ने हमारे जीवन को चार भागों में बाँटा था, ब्रम्हचर्य, गृहस्थ, वाणप्रस्थ, और सन्यास। उन्होंने माता, पिता, और आचार्य तीन गुरू बताये। माता–पिता से प्रारम्भिक शिक्षा प्राप्तकर बालक को गुरू के पास भेज दिया जाता था। गुरू प्राणाहुति द्वारा उसका सम्बन्ध ईश्वर से जोड़ देता था क्योंकि सारी विद्याओं का आदिश्रोत ईश्वर ही है। बालक वहाँ ब्रम्हचर्य का पालन करता था। ब्रम्हचर्य का अर्थ भी बाद में केवल वीर्य रक्षा ही रह गया। उसका सही अर्थ है ब्रम्ह के विचारों में रहना। ईश्वर एक है, हम सब उसकी सन्तान हैं, जाति–पाँति, धर्म एवम् ऊंच-नीच के भेदभाव को छोड़कर विश्व बन्धुत्व की शिक्षा लेने हेतु गुरू, गुरू–माता एवम् गुरू भाइयों का एक परिवार बन गया। नियम और संयम जगाने के लिये आश्रम के नियम पालने होते थे। निष्काम कर्म की आदत डाली जाने लगी। गुरू की सेवा करना, नहलाना धुलाना एवम् पूजन की सामग्री जुटाना उसका परम धर्म हो गया। यहाँ गुरू और शिष्य में एक पारिवारिक प्रेम था, पिता और पुत्र का नाता था। शिष्य सोते समय भी गुरू का ध्यान करता था उसे गुरू से पहले उठना होता था। गुरू अप्रत्यक्ष दृष्टि हर अभ्यासी पर रखता

था। कभी कभी प्रत्यक्ष परीक्षा भी लेता था। एक बार समर्थ गुरु रामदास ने पेट के दर्द का बहाना किया। देखना था कि शिष्यों के अन्दर आत्मसमर्पण की भावना कहाँ तक पैदा हुई है। शिष्यों ने कल्याण का उपाय पूछा परन्तु विह्वल दशा केवल शिवाजी की थी। गुरु ने कहा कि यदि कोई शेरनी का दूध ला दे तो मैं अच्छा हो जाऊं। धीरे-धीरे शेरनी के नाम पर शिष्यों में कंपकंपी पैदा हो गई। शिवा गुरु कृपा के भरपूर था, आगे बढ़ा और आशीर्वाद माँगा। गुरुने अपना वरद् हस्त उसके शिर पर धरा। चल पड़ा शेर शेरनी की तलाश में। उधर गुरु की इच्छा से प्रकृति भी परीक्षा लेने हेतु निष्ठुर हो गई। घोर अन्धकार छा गया, बादलों की गड़गड़ाहट कलेजा कंपा रही थी। इन्द्र का प्रकोप भी बढ़ गया, मूसलाधार वर्षा होने लगी। गुरु पर अडिग विश्वास रखने वाले के आगे प्रकृति भी घुटने टेक देती है। सहसा गुरु स्मरण करते ही, अन्धकार में कौंधे की रेख चमकी। शिवा ने देखा एक पेड़ के नीचे शेरनी बच्चों सहित बैठी है। वीर आगे बढ़ा, शेरनी को पुचकारा। उसने सिद्ध कर दिया कि प्रेम से हिंसक पशु भी वश में किये जा सकते हैं। दूध दुहकर सवेग घर की राह ली। गुरु प्रसन्न हुये। धन्य है ऐसे शिष्य। इस प्रकार शास्त्रीय ज्ञान के साथ ब्रम्ह ज्ञान की दीक्षा देकर गुरु गृहस्थ धर्म में प्रवेश की आज्ञा देता था। उसके जीवन में सारा ज्ञान उतार दिया जाता था, गृहस्थ जीवन में वे सारी अवस्थायें परिपक्व होती थीं समय आने पर वैराग्य जगता था, वैराग्य जगते ही पहले वाणप्रस्थ जीवन व्यतीत करते थे बाद में सन्यासी होकर लोक कल्याण का कार्य करते थे। आज हमारी औसत आयु ६० वर्ष की है ऐसे गुरुओं का प्रायः अभाव है। हम आपका परिचय समर्थ गुरु महात्मा श्री रामचन्द्रजी (फतेहगढ़ निवासी) से कराते हैं। जो इन समस्याओं का हल लेकर इस पृथ्वी पर अवतरित हुए। उनके शिष्य श्री रामचन्द्र जी (शाहजहाँपुर निवासी) ने अपने गुरु के नाम पर **श्री रामचन्द्र मिशन** नाम की एक संस्था को जन्म दिया। वह राजयोग की पद्धति है जिसमें गृहस्थी में रहते, अपने कर्त्तव्यों का पालन करते हुए ईश्वर की याद करते हुए सतत् सुमिरन की स्थिति में आ जाते हैं। गुरु अपनी प्राणशक्ति से अभ्यासी के मल, विक्षेप और आवरणों को हटाकर अति सूक्ष्म स्थिति में लाकर उस सूक्ष्मतम ब्रम्ह में लय करा देता है। निष्काम भक्ति और जल में कमल के समान वाली स्थिति पैदा हो जाती है।

# श्री बाबूजी की भविष्य वाणी

सुरेशचन्द्र एम० ए० श्रीनगर गढ़वाल

पूज्य बाबूजी महाराज न भविष्यवाणी करते हैं और न चमत्कार दिखाते हैं। अतीन्द्रिय दशा में उनके सामने भविष्य का जो नक्शा दिखाई पड़ता है उसको वह कभी कभी बात चीत में या कभी लिख भी देते हैं। 'सत्य का उदय' नामक पुस्तक के "मेरी भविष्य दृष्टि" शीर्षक पाठ में उन्होंने इंगलैण्ड के पास बहने वाली समुद्र की गर्मपानी की धारा—गल्फस्ट्रीम के धीरे धीरे ठण्डे होने तथा बहाव की दिशा बदलने की बात लिखी थी। उत्तरी ध्रुव की ठण्डक में कमी आने की बात कही थी—यह सब कालान्तर में सही सिद्ध हुआ।

प्रकृति के जिन रहस्यों को जानने के लिये वैज्ञानिक तमाम समय लगाते, मेहनत करते और करोड़ों रुपए खर्च करते हैं वे पूज्य बाबूजी महाराज के लिए हथेली पर रखे आँवले की तरह प्रत्यक्ष हैं। इसका एक बड़ा अच्छा नमूना तीस जून तथा पहली जुलाई के अखबारों में छपी खबरों से मिला है। इस खबर का शीर्षक था — "ब्रिटेन धँस रहा है"।

एक वैज्ञानिक अनुसंधान पत्रिका में इंगलैण्ड के वैज्ञानिकों ने लिखा है कि इंगलैण्ड के कुछ भाग खासतौर से दक्षिणी भाग समुद्र में धँस रहे हैं। लन्दन के कुछ इलाके तूफान आदि से नष्ट हो सकते हैं। यही नहीं छोटे मुल्क जैसे हालैण्ड बेलिजयम जो समुद्र से नीचे बसे हैं और नीचे धँस जायेंगे।

(रायटर)

सन् ४६-४७ में लिखी और १९५४ में प्रकाशित रियेलिटी ऐट डान (सत्य का उदय) में यही बात (लगभग २० वर्ष पूर्व) पूज्य बाबूजी ने स्पष्ट लिखी थी—

"इतने ज्यादा परिवर्तन हो रहे हैं कि भविष्य में संसार का नक्शा आज से बिल्कुल बदला हुआ होगा। इंगलैण्ड का भाग्य दुर्भाग्यपूर्ण रहेगा। उसके कुछ हिस्से अर्थात दक्षिणी भाग समुद्र में धँस जायेंगे। लन्दन के बीचो बीच एक ज्वालामुखी की ताकत छिपे तौर पर काम कर रही है जो समय आने पर फूट पड़ेगी.......छोटे २ देशों का अस्तित्व नहीं रह जायेगा।"

यह सब उदाहरण यह दिखलाने के लिए पर्याप्त हैं कि जिस महान पुरुष की (Special Personality थी) खोज में हम इधर उधर भटकते रहते हैं वह और कहीं नहीं है। आवश्यकता है अपने हृदय के दरवाजों को खोलने की और हम देखेंगे कि हमारे मालिक वहीं खड़े हैं।

# सूचना

**मिशन के सदस्यों तथा सर्वसाधारण लोगों की सुविधा के लिए मिशन के तार का पता नीचे लिखे अनुसार रजिस्टर्ड करा लिया गया है।**

**सहज मार्ग शाहजहाँपुर**

**(SAHAJ MARG)**

SHAHJAHANPUR

# अनन्त यात्रा

(इस स्थाई स्तम्भ का उद्देश्य साधकों की आध्यात्मिक प्रगति का विवरणात्मक चित्र प्रस्तुत करके ब्रह्म-विद्या सुव्यवस्थित वैज्ञानिक अध्ययन के लिए सुलभ करना है। एतदर्थ श्रद्धेय 'बाबू जी' के साथ एक श्रेष्ठ एवं संवेदनशील अभ्यासी के पत्र-व्यवहार का क्रमशः प्रकाशन किया जा रहा है। पत्रों के केवल वही अंश प्रकाशित किये जा रहे हैं, जो आध्यात्मिक स्थितियों के अनुभव से सम्बन्धित हैं। अभ्यासी का नाम आदि व्यक्तिगत बातें प्रकाशित नहीं की जा रही हैं। (सम्पादक)

परम पूज्य तथा श्रद्धेय श्री बाबूजी

सादर प्रणाम

मेरा एक पत्र मिला होगा। ... ... ... .... को 'मालिक' ने कृपा करके सम्बन्ध प्रदान कर दिया है सुनकर अत्यन्त प्रसन्नता हुई। सर्वशक्तिमान 'मालिक' से कर जोड़कर मेरी यही प्रार्थना है कि जितना भी हो सके उसकी कृपा से .... ... ... .... ... ... सदैव ऊंचे उठते जायें। कितनी प्रसन्नता और गर्व की बात है कि जिस मालिक की कृपा के लिए दुनियाँ तड़पती है उसी परम कृपालु मालिक से ... ... ... का अखंड संबंध स्थापित हो गया। उस परम कृपालु मालिक को मुझ गरीब का कोटि-कोटि धन्यवाद और प्रणाम है।

रही मेरी आत्मिक दशा, सो तो कुछ अच्छी नहीं मालूम होती है। कभी-कभी तो इतनी रूखी तबियत हो जाती है कि मालिक के रत्ती भर प्रेम तथा जरा भी आनन्द से रहित हो जाती है। जब से आपको पत्र डाला है तब से हालत में थोड़ा सा परिवर्तन हो गया है। शान्ति के लिए भी शक है, न शान्ति ही मालूम होती है और न अशान्ति ही कही जा सकती है। आपने लिखा था कि हम भक्ति मार्ग से चलते हैं परन्तु यहाँ मैं तो भक्ति से बिल्कुल खाली हूँ परन्तु 'मालिक' की कृपा से मैं उसकी सच्ची भक्ति को पाने की कोशिश अवश्य करूंगा। आजकल तबियत बेबस अधिक है यद्यपि यह हालत बीच बीच में आ जाती थी परन्तु अब तो यह बात तबियत में कुछ घर सी करने लगी है। यह बेरस तबियत भी बुरी नहीं लगती।

मालिक की याद के लिए कोशिश कर रहा हूँ। आपने लिखा था कि जब ऐसे याद न आवे तो Suppose कर लिया करो परन्तु Suppose करने को भी

याद चाहिए यानी कभी–कभी Suppose करने की भी याद नहीं रहती है। अभी तो किसी तरह चल रहा है जब बिल्कुल भी बस नहीं रहेगा तो आपसे आगे के लिए कायदा पूछूंगा। जैसे आरम्भ में याद के लिए बार बार लड़ना पड़ता था वही लड़ाई अब फिर चालू है। बस तब तो मैं जीता था परन्तु अब देखें मालिक किसको जितावे। अब यह भी नहीं मालूम कि मैंने जरा भी पूजा की है या पहले कभी की थी। पहले यह मालुम होता था कि 'मालिक' मेरी याद में तड़प रहा है परन्तु अब तो यह भी नहीं मालूम पड़ता कि उसे मेरी याद आ रही है। अब चूंकि मुझे उसकी याद कम आती है तो सम्भव है उसे भी मेरी याद कम आती हो। जो भी हो हालत अच्छी चल रही है क्योंकि मेरा ऐसा विश्वास है कि मेरी आत्मिक दशा उन्नति ही कुछ न कुछ कर रही है आगे मालिक की कृपा पर सब निर्भर है। 'वह' जो भी करेगा सब अच्छा ही करेगा। हाँ पूज्य बाबूजी जब चार–पाँच दिन 'मालिक' का ध्यान करता था तो न जाने कैसे हमारे समर्थ श्री लालाजी महाराज की शक्ल सामने आ जाती थी। ऐसा कई बार होता था। अधिकतर आज–कल की दशा बिल्कुल शून्य सी है और कभी-कभी तो ऐसा होता है कि हर चीज शून्य दीखती है। जड़ चेतन सब शून्य सा ही दीखता है। ॥इति॥

आपकी दीन हीन सर्व साधन विहीन सन्तान